# बॉक्स ऑफिस पर विक्की कौशल की फिल्म छावा की बादशाहत कायम, दुनियाभर में 500 करोड़ का आंकड़ा किया पार





वैलेंटाइन डे मौके पर रिलीज हुई विक्की कौशल की छावा बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमा कर रही है. फिल्म ने 31 करोड़ के साथ ओपनिंग की और तीन दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. छावा ने एक हफ्ते में 200 करोड़ और 10 वें दिन 300 करोड़ का आंकड़ा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पार कर लिया. महाशिवरात्रि पर फिल्म ने वर्ल्डवाइड 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं घरेलू कलेक्शन में फिल्म 400 करोड़ के कलेक्शन की तरफ बढ़ रही है तो आइए जानते हैं छावा की 13वें दिन की कमाई. छावा ने रिलीज के 13वें दिन लगभग 23 करोड़ की कमाई की इसके साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 388.25 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म जल्द ही 400 करोड़ का आंकड़ा पार करेगी. 13वें दिन छावा की हिंदी ऑक्यूपेंसी ओवरऑल 34.43% रही. छावा के साथ थिएटर में अभी अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर की मेरे हसबैंड की बीवी चल रही है. हालांकि फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर रही और ज्यादातर दर्शक छावा को देखने आ रहे हैं. इसके अलावा वैलेंटाइन वीक में रिलीज हुई सनम तेरी कसम की री रिलीज भी थिएटर में टिकी हुई. फिल्म ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सबसे बड़ी री रिलीज का खिताब अपने नाम कर लिया है. हालांकि इससे छावा की कमाई पर कुछ खास असर नहीं पड़ा.

सैकनिल्क के मुताबिक, विक्की कौशल की फिल्म ने वर्ल्डवाइड बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुनियाभर में 509.75 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. ये आंकड़ा 12 दिनों का है. 13वें दिन की वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े आना अभी बाकी है. इसके साथ ही छावा ने बाहुबली 2 जैसी ब्लॉकबस्टर के हिंदी कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है. विक्की कौशल की फिल्म हिंदी बेल्ट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई है. इससे आगे सिर्फ अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 है. छावा में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है वहीं रश्मिका मंदाना ने उनकी पत्नी महारानी येसूबाई भोंसले का और अक्षय खन्ना ने क्रूर औरंगजेब का रोल प्ले किया है. इनके अलावा छावा में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता जैसे कलाकार शामिल हैं. फिल्म को लक्ष्मण उटेकर निर्देशित किया है वहीं मैडोक फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है.




# शॉर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख फैंस के उड़े होश

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या



पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– द् मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है– स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है– अमेजिंग एंड स्टनिंग। अनन्या पांडे की लेटेस्ट फोटोशूट कराई गई फोटोज में आप देख सकते हैं, उन्होंने व्हाइट कलर की स्टाइलिश शॉर्ट स्कर्ट और साथ ही शर्ट पहनी हुई है. जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय) कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित "बुद्ध का संदेश" सिद्धार्थनगर नामक समाचार पत्र से सम्बन्धित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

**प्रपत्र–4**

| | | |
|---|---|---|
| 1– प्रकाशन स्थान | : | ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट– हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद– सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 |
| 2– प्रकाशन अवधि | : | प्रतिदिन |
| 3– मुद्रक का नाम | : | श्रीमती पुष्पा शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हां |
| (यदि विदेशी तो मूल देश) | : | XXXXXXXXXXXX |
| पता | : | ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट– हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद– सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 |
| 4– प्रकाशक का नाम : | | श्रीमती पुष्पा शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हां |
| (यदि विदेशी तो मूल देश) | : | XXXXXXXXXXXX |
| पता | : | ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट– हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद– सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 |
| 5– सम्पादक का नाम : | | श्री राजेश कुमार शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हां |
| (यदि विदेशी तो मूल देश) | : | XXXXXXXXXXXX |
| पता | : | ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट– हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद– सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 |
| 6– उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | : | श्रीमती पुष्पा शर्मा ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट– हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद– सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 |

मैं पुष्पा शर्मा एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

दिनांक 01/03/2025

ह. पुष्पा शर्मा
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)